A MAHARATNA COMPANY
5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 फ़रवरी, 2026

अंक : 521

## श्री हरीश दुहन ने संभाली वेकोलि की बागडोर
### वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया



कोयला खनन में विशेष योग्यता के लिए जाने जाने वाले श्री हरीश दुहन ने दिनांक 01.02.2026 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला। वे वर्तमान में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक है तथा उन्हें वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह अतिरिक्त प्रभार 01 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर प्रारंभिक अवधि तीन माह के लिए अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

श्री हरीश दुहन दिनांक 01.02.2026 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नागपुर स्थित मुख्यालय पहुंचे। मुख्यालय में डब्ल्यूसीएल के निदेशक मंडल, सीवीओ तथा मुख्यालय के सभी महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों ने श्री दुहन का स्वागत किया। इसके उपरान्त उन्होंने मुख्यालय में कोयला उत्पादन, उत्पादकता एवं संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक ली।

बैठक में निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे, सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष गण उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के उपरान्त श्री दुहन ने उमरेड तथा नागपुर क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण किया एवं भविष्य की योजनाओं के विषय में क्षेत्रीय प्रबंधन से चर्चा की।

श्री हरीश दुहन को कोयला खनन क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव प्राप्त है। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) से अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री दुहन के पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है।

अपने करियर के दौरान श्री दुहन, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक (तकनीकी-संचालन) के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाई हैं।

श्री दुहन को पर्यावरण-हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं, डिजिटलीकरण, तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास एवं कार्यान्वयन का विशेष अनुभव प्राप्त है, जो उन्हें कोयला क्षेत्र में आधुनिक, सतत एवं भविष्य-उन्मुख नेतृत्व प्रदान करने वाला व्यक्तित्व बनाता है। उनके इस दीर्घ अनुभव का डब्ल्यूसीएल को निश्चित ही लाभ मिलेगा। श्री दुहन के सीएमडी का कार्यभार ग्रहण करने से डब्ल्यूसीएल में हर्ष व्याप्त है।



## डॉ. हेमंत शरद पांडे PESB द्वारा WCL के CMD पद हेतु अनुशंसित



दिनांक 13.02.2026 को आयोजित साक्षात्कार में Public Enterprises Selection Board (PESB) ने Western Coalfields Limited (WCL) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (CMD) पद के लिए डॉ. हेमंत शरद पांडे को अनुशंसित किया है। इस चयन प्रक्रिया में कुल 12 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। वर्तमान में वे WCL में दिनांक 27.01.2025 से निदेशक (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. हेमंत शरद पांडे नागपुर स्थित Visvesvaraya National Institute of Technology (VNIT) से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री, माइनिंग में एम.टेक. तथा मैनेजमेंट में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. पांडे ने अपने करियर की शुरुआत अगस्त 1989 में WCL में जूनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में की थी। WCL में 19 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने खनन प्रौद्योगिकी, भूमि अधिग्रहण तथा औद्योगिक संबंधों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुभव अर्जित किया। आगे सितंबर 2008 से SECL में रहते हुए उन्होंने चिरमिरी, हसदेव, गेवरा, जोहिला और रायगढ़ क्षेत्रों में विभिन्न जिम्मेदारियाँ निभाई।

उन्हें कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में 36 वर्षो से अधिक का दीर्घ अनुभव प्राप्त है। उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, मानव संसाधन प्रबंधन में नवाचार, सुरक्षा संस्कृति के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल पहलों और कर्मचारी कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए डॉ. हेमंत शरद पांडे को कोयला उद्योग में विशेष तौर पर जाना जाता है। डॉ. हेमंत शरद पांडे के सीएमडी पद पर चयनित होने से WCL में हर्ष व्याप्त है।

## श्री संदीप एस. परांजपे ने निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं योजना) का पदभार ग्रहण किया

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में दिनांक 28.01.2026 को श्री संदीप एस. परांजपे ने निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं योजना) का पदभार ग्रहण किया। श्री परांजपे के वेकोलि आगमन पर वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।

श्री परांजपे ने वर्ष 1991 में श्री रामदेवबाबा कमला नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज, नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है तथा उन्हें कोयला खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध एवं व्यापक अनुभव प्राप्त है। पाथाखेड़ा एवं सावनेर में 16 वर्षों के भूमिगत खनन अनुभव के साथ-साथ उन्होंने प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण, परियोजना क्रियान्वयन, उत्पादन, खान नियोजन, कोयला गुणवत्ता तथा माइन क्लोज़र जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गहन विशेषज्ञता अर्जित की है।

वेकोलि में निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं योजना) का दायित्व संभालने से पूर्व, उन्होंने एसईसीएल (SECL) के सोहागपुर क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक तथा तत्पश्चात सीएमडी, एसईसीएल के विशेष कार्य अधिकारी (OSD) के रूप में कार्य करते हुए कंपनी को महत्वपूर्ण संचालनात्मक एवं रणनीतिक योगदान प्रदान किया।

श्री परांजपे के द्वारा निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं योजना) का पदभार ग्रहण पर सभी विभागों के विभागाध्यक्षों तथा अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।




## श्री जे. पी. द्विवेदी को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के पूर्व अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी की सेवानिवृत्ति पर दिनांक 31.01.2026 को वेकोलि की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। वेकोलि मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वागतोपरांत अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने कोल इण्डिया लिमिटेड में अपने चार दशक के सेवाकाल के दौरान सबके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कोयला उद्योग में आए परिवर्तन के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए निरंतर कार्य करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (योज. एवं परि.) श्री संदीप परांजपे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने अपने उद्बोधन में श्री द्विवेदी को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में झंकार महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी तथा उपाध्यक्षा श्रीमती रोज़लीन घोष, श्रीमती रीना पांडे, श्रीमती श्रुति परांजपे एवं डॉ. सोनाली म्हेत्रे की विशेष उपस्थिति रही।

## डॉ. हेमंत शरद पांडे ने विदर्भ एडवांटेज एक्सपो-2026 में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने नागपुर में आयोजित विदर्भ एडवांटेज एक्सपो 2026 में "विदर्भ में दुर्लभ पृथ्वी और महत्वपूर्ण खनिजों की क्षमता को उजागर करना" विषय पर आयोजित रणनीतिक सत्र में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया।

इस सत्र में कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (बिजनेस डेवलपमेंट) श्री आशीष कुमार, मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के सीएमडी श्री आई. डी. नारायण, टेक्समिन फाउंडेशन के सीईओ श्री सूरज प्रकाश और इंडिया फोरम की सुश्री त्रिशाला सांचेती सहित कई प्रतिष्ठित पैनलिस्ट भी शामिल थे। चर्चा का संचालन डब्ल्यूसीएल के प्रबंधक (बीडी) श्री अनुज माथुर ने किया।

चर्चा में डब्ल्यूसीएल की संसाधन पोर्टफोलियो में विविधता लाने, महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा देने और विदर्भ तथा उससे आगे सतत आर्थिक विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। डब्ल्यूसीएल खनिज सुरक्षा और सतत विकास में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अपनी रणनीतिक पहलों को संरेखित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## ISAMET – 2026 में वेकोलि की भागीदारी




VNIT नागपुर में आयोजित International Symposium on Advances in Mining, Environment & Tunneling (ISAMET) – 2026 के उद्घाटन समारोह में दिनांक 12 फरवरी 2026 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अति. प्र.) श्री हरीश दुहन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-विदेश के विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, शोधकर्ता और उद्योग प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित हुए, जहाँ खनन, पर्यावरण और टनलिंग के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में श्री हरीश दुहन ने खनन क्षेत्र में सुरक्षा, सतत विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक खनन, कोयला उत्पादन में जिम्मेदारी, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक सरोकारों के साथ आगे बढ़ने का माध्यम है। समारोह में चेयरमैन (BoG), VNIT श्री एम. मदन गोपाल, VNIT के निदेशक प्रो. प्रेम लाल पटेल, IIT पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह की उपस्थिति रही।

इस VNIT नागपुर द्वारा आयोजित International Symposium on Advances in Mining, Environment & Tunneling – 2026 का समापन गरिमामय वातावरण में होटल रेडिसन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि खनन केवल संसाधनों का दोहन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने बल दिया कि 21वीं सदी का खनन उद्योग "सुरक्षित, स्मार्ट और सतत" होना चाहिए, जिसमें ऑटोमेशन, डिजिटल मॉनिटरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से उत्पादन, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। उन्होंने पुनर्वनीकरण, जल संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी को उद्योग की मूल जिम्मेदारी बताया तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को आवश्यक बताया। डॉ. पांडे ने WCL की उन्नत तकनीकों व हरित पहलों की सराहना करते हुए उद्योग–शिक्षा सहयोग को भविष्य की आवश्यकता बताया। विशेषज्ञों के विचार-विमर्श से संगोष्ठी अत्यंत सार्थक रही।




## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अति.प्र.) श्री हरीश दुहन ने किया वेकोलि के क्षेत्रों का निरिक्षण



### मुख्यालय में समीक्षा बैठक तथा उमरेड क्षेत्र का दौरा

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री हरीश दुहन ने सभी महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने कंपनी की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इसके पश्चात श्री हरीश दुहन ने उमरेड क्षेत्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने मकरधोकड़ा–1, मकरधोकड़ा–3 खदानों की कार्य प्रगति का जायजा लिया तथा SILO - फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री अविनाश प्रसाद ने एक पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### सीएमडी रहे नागपुर क्षेत्र के दौरे पर

सीएमडी (अति.प्र.) श्री हरीश दुहन ने नागपुर क्षेत्र के प्रवास के दौरान अदासा खदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने खदान में संचालित कार्य निष्पादन, उत्पादन गतिविधियों तथा लागू सुरक्षा मानकों का गहन एवं विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने खनन कार्यों में गुणवत्ता, कार्यकुशलता तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर WCL के निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री अनिल नायर, नागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री हर्षद दातार, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### चंद्रपुर क्षेत्र का दौरा कर उत्पादन एवं उत्पादकता की व्यापक समीक्षा

सीएमडी (अति.प्र.) श्री हरीश दुहन एवं निदेशक तथा (तकनीकी / परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे ने चंद्रपुर क्षेत्र की दुर्गापुर, भटाड़ी एवं पद्मापुर ओपन कास्ट माइंस का दौरा किया। प्रबंधन टीम के साथ हुई चर्चा में उत्पादन वृद्धि, संसाधनों के इष्टतम उपयोग और सतत खनन पर विशेष जोर दिया गया। खदानों में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कामगारों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढाया। इस दौरे के दौरान चंद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री एम. संजीवा रेड्डी तथा क्षेत्र एवं WCL मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बल्लारपुर क्षेत्र का दौरा

सीएमडी (अति.प्र.) श्री हरीश दुहन एवं निदेशक (तकनीकी/परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे ने बल्लारपुर क्षेत्र का दौरा कर परिचालन एवं विकासात्मक गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने धोपतला, सास्ती, पाउनी-II तथा गौरी पाउनी ओपनकास्ट खदानों तथा SILO का निरीक्षण कर खनन कार्य, सुरक्षा व्यवस्थाओं, उत्पादन प्रणाली एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। दौरे के दौरान महाप्रबंधक (संचालन) श्री आर. बी. ठाकरे सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### वणी तथा वणी नार्थ क्षेत्रो की समीक्षा

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अति.प्र.) श्री हरीश दुहन एवं निदेशक (तकनीकी/परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे ने वणी क्षेत्र में वणी तथा वणी नार्थ क्षेत्रो के परिचालन एवं विकासात्मक गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की। बैठकों के दौरान उन्होंने अधिकारियों से संवाद करते हुए सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन, उच्च उत्पादकता तथा कार्यकुशलता बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। बैठक में उत्पादन प्रदर्शन, सुरक्षा उपाय, रेल एवं रोड माध्यम से डिस्पैच, प्रगतिरत परियोजनाएं, चुनौतियां एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने सुरक्षा, लागत नियंत्रण, पर्यावरणीय अनुपालन एवं सतत उत्पादन वृद्धि पर विशेष जोर दिया। दौरे के दौरान वणी क्षेत्र के महाप्रबंधक (संचालन) श्री पी. पी. कर्माकर, वणी नार्थ क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री जी. पी. खन्ना सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL 3.0 @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।